एक्सएमएल (XML) परिचय– एक्सएमएल (XML) परिचय और अवलोकन, मार्कअप लैंगवेज का परिचय, डेटा संरचना, एक्सएमएल दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया, मान्य एक्सएमएल दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया, एक्सएमएल की विशेषताएं।

एक्सएमएल दस्तावेज बनाना : एक्सएमएल घोषणा (declaration) , टैग और एलिमेंट, गुण (attributes), संदर्भ, टेक्स्ट।

DTD की मूल बातें : एक्सएमएल दस्तावेज स्कीमा की आवश्यकता, एक्सएमएल दस्तावेज स्कीमा के प्रकार, DTD स्कीमा परिभाषा : एक्सएमएल दस्तावेज, एंटिटी डिक्लेरेशन एक्सएमएल स्कीमा मूल बातें : एक्सएमएल स्कीमा, एक्सएमएल स्कीमा और DTD परिभाषाएं के बीच अंतर, एक्सएमएल स्कीमा संरचना।

एक्सएमएल नेमस्पेस : एक्सएमएल नेमस्पेस का परिचय, नेमस्पेज डिक्लेरेशन, डिफॉल्ट नेमस्पेस

यूनिट–6 : डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली **10**

डेटाबेस अवधारणा, परिचय और डेटाबेस की परिभाषा, डेटाबेस का उपयोग, डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली (DBMS), डीबीएमएस के फायदे। डोमेन, टपल, संबंध, कुंजी, प्राथमिक कुंजी, वैकल्पिक कुंजी, उम्मीदवार कुंजी है, डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली के उदाहरण , आरबीडीएमएस का परिचय, संरचित क्वेरी भाषा (SQL) : परिचय, एसक्यूएल के लक्षण, एसक्यूएल के प्रयोग के लाभ, डेटा परिभाषा, भाषा (DDL) डेटा मैनीपुलेशन भाषा (DML). MySQL कमांडस : CREATE TABLE, DROP TABLE, ALTER TABLE,UPDATE SET, INSERT, DELETE, SELECT, DISTINCT, FROM, WHERE, IN, BETWEEN, GROUP BY, HAVING, ORDER BY ; functions :Number, string, date.

यूनिट–7 : पीएचपी **14**

पीएचपी के द्वारा वेब निर्माण– स्क्रिप्ट की मूल बातें, क्लाइंट बनाम सर्वर साइड पटकथा, पीएचपी द्वारा वेब निर्माण की आवश्यकता, स्क्रिप्ट टैग, चर की घोषणा और एक्सेस डेटाप्रकार : कोड में टिप्पणी (commenting) शैली, primitive डेटा के प्रकार, अचर घोषणा, ऐक्सेस फलन।

लूप – प्रकार for, while, do while , ऐरे एक आयाम ऐरे, बहु आयाम ऐरे , ऐर डेटा निकालने के लिए for each लूप इनबिल्ट ऐरे : $ _ GET, $_ POST, $_ REQUEST आदि में PHP सशर्त Constructs : सशर्त Constructs निर्माण के विभिन्न प्रकार if - else – और else –if , switch-case कथन।

ऑपरेटर्स : गणितीय तुलनात्मक, असाइनमेंट, तार्किक, सशर्त तार्किक। ऑपरेटर की पूर्वता।

MySQL के साथ PHP के लिए कनेक्टिविटी : MySQL डाटाबेस के लिए php में कनेक्टिविटी कोड, MySQL के संचालन के लिए विभिन्न PHP स्क्रिप्ट का उपयोग जैसे : डेटा क्वेरी लैग्वेज (DQL), डेटा परिभाषा भाषा (DDL), डेटा मैनीपुलेशन भाषा (DML), डेटा नियंत्रण भाषा डेटा परिभाषा भाषा (DCL) ।

कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी और प्रोग्रामिंग–I

प्रायोगिक योजना

समय – 3 घण्टा **अंक : 30**

क्र.सं.	विषय	अंक भार
1	' C ' भाषा प्रोग्रामिंग	8
2	C^{++} भाषा प्रोग्राम	4
3	XML प्रोग्राम	3
4	XQL प्रोग्राम	3
5	PHP प्रोग्राम	2
6	Practical Record	5
7	Viva	5

नोट : प्रायोगिक परीक्षा हेतु ' C ' भाषा एवं ' C^{++} ' भाषा में से एक प्रोग्राम अंक 12 का तथा XML, SQL एवं PHP में से एक प्रोग्राम अंक 8 का दिया जाना चाहिये।

निर्धारित पुस्तक –

कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी और प्रोग्रामिंग–I – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

पर्यावरण विज्ञान

विषय कोड–61

इस विषय में एक प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक एवं एक प्रायोगिक परीक्षा होगी। परीक्षार्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है –

प्रश्न पत्र	समय (घंटे)	प्रश्न पत्र के लिए अंक	
सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र–एक	3.15	70	
प्रायोगिक	4.00	30	100

इकाई–1 पृथ्वी तंत्र तथा पारिस्थितिकीय कारक– 14

सौर तंत्र, पृथ्वी का निर्माण – क्रोड, प्रावार, पर्पटी एवं पृथ्वी की संरचना, पृथ्वी के वायुमंडल का विकास, पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति, वायुमंडल का संघटन। पारिथतिकी एवं पर्यावरण का परिचय, पारिस्थितिकीय कारक– जलवायवीय, मृदीय तथा जैविक, जैविक अन्तःक्रियाएं (सहोपकारिता, परजीविता, परभक्षण, स्पर्धा) पारिस्थितिकीय नियम– सहनशीलता का नियम, न्यूनता का नियम।

इकाई–2 जनसंख्या और समुदाय– 14

जनसंख्या अभिलक्षण– घनत्व, प्रकीर्णन, जन्मदर, मृत्युदर, आयु संरचना, जनसंख्या वृद्वि : समुदाय संरचना, जीव रुप : अनुक्रमण– प्रकार, जैविक आक्रमण।

इकाई–3 पारिस्थितिक तंत्र– 14

पारिस्थितिक तंत्र की संकल्पना – संरचना एवं कार्य, पोषी संरचना, खाद्य संरचना, खाद्य जाल, पारिस्थितिकीय स्तूप, ऊर्जा प्रवाह, जैव भू रासायनिक चक्र (C, N, P, H_2O), पारिस्थितिक तंत्र के प्रकार, – स्थलीय (वन, घास मैदान, मरुस्थल), जलीय (स्वच्छ जल तथा समुद्री)

इकाई–4 जैवविविधता एवं वन्यजीवन 14

पृथ्वी पर स्पीशीजं की संख्या, आनुवांशिक स्पीशीजं प्रजाति और पारिस्थितिकी विविधता, जैव विविधता के उपयोग, जैव विविधता की पारिस्थितिकीय सेवायें, जैव विविधता के संवेदनशील क्षेत्र, स्थानिक जातियां, वृहद विविधता क्षेत्र, जैव विविधता पर संकट, वन्य जीव तथा वन्य जीव संघर्ष, वन्यजीव संरक्षण, (संरक्षित क्षेत्र– अभयारण्य), राष्ट्रीय उद्यान, जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र,

स्वस्थाने एवं उत्स्थाने संरक्षण, राजस्थान के सामान्य वन्य पादप तथा जन्तु।

इकाई–5 प्राकृतिक संसाधन **14**

ऊर्जा एवं पर्यावरण, नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय संसाधन, वन, जल कृषि, खनिज, चरागाह प्रबंधन, समुद्री संसाधन, ऊर्जा मांग, ऊर्जा के परम्परागत स्रोत, जीवाश्म ईंधन का दहन और पर्यावरण पर प्रभाव, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत– जैव ईंधन, पवन, सौर ऊर्जा, भूतापीय, नाभिकीय अपशिष्टों से प्राप्त ऊर्जा।

प्रायोगिक

पूर्णांक–30

1. मृदा परीक्षण – pH , क्लोराइड, कार्बोनेट, बाई कार्बोनेट**,** बल्क डेनसिटी, स्पेसिफिक ग्रेविटी, माईस्चर स्तर, बाटर होल्डिग कपेसिटी, फिल्ड कपेसिटी। 10

2. जल परीक्षण – pH , क्लोराइड, टी.डी.एस. एल्कलिनिटी, हार्डनेस, बी.ओ.डी., ट्रांसपेरिन्सी 5

3 पादप परीक्षण – पादप समुदाय के फ्रेक्वेन्सी, Density & Ambulance, स्थानीय पादपों की प्रजाजियां। 5

अथवा

4. जन्तु परीक्षण – स्थानीय पक्षी व प्राणियों की प्रजातियां।

अथवा

5. स्थानीय व जलीय पारिस्थितिकीय तंत्र का अध्ययन।

अथवा

6. किसी अभ्यारण्य का राष्ट्रीय उद्यान का पर्यावरणीय अध्ययन।

अथवा

7. वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत का अध्ययन व उसका मॉडल तैयार करना।

8. प्रादर्श पहचान। 5

9. प्रायोगिक अभिलेख 3

10. मौखिक परीक्षा

निर्धारित पुस्तक –

पर्यावरण विज्ञान – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

लेखाशास्त्र

विषय कोड– 30

समय 3.15 घण्टे **पूर्णांक–100**

इकाई का नाम		**अंक**
भाग–क		
1.	लेखाशास्त्र का परिचय	07
2.	प्राचीन भारतीय लेखांकन	04
3.	प्रारंभिक लेखा– जर्नल एवं सहायक बहियाँ	13
4.	खाता बही एवं खतौनी	07
5.	तलपट एवं अशुद्धियों का सुधार	06
6.	अन्तिम खाते	13
7.	अन्तिम खाते समायोजन सहित	
		50
भाग–ख		
1.	रोकड़ बही	08
2.	बैंक समाधान विवरण	06
3.	विनिमय बिल	04
4.	मूल्य ह्रास, आयोजन एवं संचय	08
5.	वर्गीय एवं स्वकीय संतुलन प्रणाली	08
6.	अपूर्ण अभिलेखो से खाते	08
7.	लेखांकन में कम्प्यूटर	08
		50

Details of the syllabus

भाग–1

1. लेखाशास्त्र का परिचय : पुस्तपालन एवं लेखांकन का अर्थ, 07
उद्देश्य, लेखांकन विज्ञान एवं कला के रुप में, लेखांकन एवं पुस्तपालन में अन्तर, लेखांकन के उपक्षेत्र, लेखांकन के कार्य, लेखांकन का अन्य शास्त्रों के साथ सम्बंध, लेखांकन की प्रणाली, इकहरा लेखा प्रणाली, दोहरा लेखा प्रणाली, महाजनी बहीखाता प्रणाली, लेखांकन की आधारभूत शब्दावली, क्रय, विक्रय, क्रय वापसी, विक्रय वापसी, पूंजी, आहरण, सम्पत्तियां (तरल, स्थायी, अदृश्य, काल्पनिक) देयताएं, दायित्व (बाहरी, आन्तरिक, अल्पकालीन, दीर्घकालीन), प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्यय, आयगत एवं पूंजीगत प्राप्तियां, स्थगित आयगत व्यय, दोहरा लेखा पद्धति, अर्थ, सिद्धान्त, अवस्थाएं, लेखांकन की आधारभूत अवधारणाएं, परम्पराएं एवं मान्यताएं।

* भारत में प्रचलित लेखा मानकों का सम्बन्धित विषय वस्तु के साथ यथासंभव उल्लेख किया जायेगा।

2. प्राचीन भारतीय लेखांकन : प्राचीन भारतीय नीति ग्रन्थों में लेखांकन 04
की अवधारणा, लेखांकन की शब्दावली, लेखाकार एवं लेखा संगठन का स्वरुप। पारलौकिक लेखांकन

की अवधारणा, महाजनी बहीखाता पद्धति : इतिहास

3. प्रारंभिक लेखा– जर्नल एवं सहायक बहियाँ : अर्थ, लेखांकन 13
समीकरण पर आधारित खातों का वर्गीकरण, लेखांकन समीकरण के आधार पर नाम व जमा करने के नियम, व्यवहारों के विश्लेषण में लेखांकन समीकरण का उपयोग। जर्नल : व्यवहार की उत्पत्ति, प्रमाणक का स्त्रोत (बीजक, कैश मीमो, पे स्लीप, चैक आदि) प्रमाणक तैयार करना– नकद (डेबिट एवं क्रेडिट) व गैर नकद (हस्तान्तरण), जर्नल का अर्थ, जर्नल के लाभ, खातों के प्रकार, जर्नल में लेखा करने के नियम, जर्नल का प्रारुप, जर्नल में लेखा करने की विधि व लेखा, जर्नल प्रविष्टियां। सहायक बहियां : लाभ, प्रकार, क्रय बही, विक्रय बही, क्रय वापसी बही, विक्रय वापसी बही, मुख्य जर्नल।

4. खाता बही एवं खतौनी : खाता बही का अर्थ, खाते का प्रारुप, 07
जर्नल से खाता बही में खतौनी, सहायक बहीयों (क्रय, विक्रय, क्रय वापसी, विक्रय वापसी व मुख्य जर्नल) से खाताबही में खतौनी, खातों का शेष निकालना।

5. तलपट एवं अशुद्धियों का सुधार : तलपट का अर्थ, विशेषताएं, 06
उद्देश्य, तलपट बनाने की विधियां, योग विधि व शेष विधि। अशुद्धियों व उनका सुधार : अशुद्धियों का पता लगाना, उचंती खाता तैयार करना, अशुद्धियों के प्रकार, तलपट को प्रभावित नहीं करने वाली अशुद्धियां व तलपट को प्रभावित करने वाली अशुद्धियां, अशुद्धियों का सुधार– तलपट बनाने से पूर्व व तलपट बनाने के पश्चात पर अन्तिम खाते बनाने से पूर्व।

6. अन्तिम खाते : अन्तिम खाते का आशय एवं महत्व, निर्माणी खाता, अर्थ, आवश्यकता, उद्देश्य, निर्माण विधि, पूंजीगत एवं आयगत व्यय। व्यापार खाता : अर्थ, उद्देश्य, आवश्यकता, व्यापार खाते में दिखाई जाने वाली मदें, अंतिम प्रविष्टियां व हस्तांतरण प्रविष्टियां। लाभ–हानि खाता : अर्थ, उद्देश्य, लाभ–हानि खाते में दिखाई जाने वाली मदें, अंतिम प्रविष्टियां। स्थिति विवरण : अर्थ, उद्देश्य, विशेषताएं, स्थिति विवरण में दिखाई जाने वाली मदें, स्थिति विवरण में सम्पत्ति दायित्वों को दिखाने का निश्चित क्रम। अन्तिम खाते बनाना : तलपट एवं स्थिति विवरण में अंतर। 13

7. अन्तिम खाते समायोजन सहित : समायोजन प्रविष्टियों का अर्थ, आवश्यकता एवं प्रविष्टियों का प्रभाव, समायोजन प्रविष्टियां– अन्तिम स्टॉक, अदत्त व्यय, पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आय, अनुपार्जित आय, पूंजी पर ब्याज, आहरण पर ब्याज, मूल्य ह्वास, संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन, देनदारों पर बट्टा एवं आयोजन, लेनदारों पर बट्टों एवं संचय, सम्पत्ति का निजी उपयोग, प्रबंधक का पारिश्रमिक पसंदगी पर माल भेजना, आकस्मिक हानियां, परस्पर ऋण, कर की कटौती।

भाग–ख

1. रोकड़ बही – बैंक सम्बंधी व्यवहार : परिचय, बैंक खातों के प्रकार, 08
बैंक व्यवहार सम्बंधी जर्नल प्रविष्टियां। रोकड़ बही : अर्थ, आवश्यकता, लाभ, रोकड़ बही के प्रकार, साधारण रोकड़ बही तैयार करना, साधारण रोकड़ बही से खाता बही में खतौनी करना, द्विस्तम्भीय रोकड़ बही तैयार करना, स्वीकृत नकद बट्टा, प्राप्त नकद बट्टा, द्विस्तम्भीय रोकड़ बही से खाता बही में खतौनी करना, त्रिस्तम्भीय रोकड़ बही तैयार करना, चैक प्राप्ति एवं बैंक में जमा पर व्यवहार, विपरीत प्रविष्टियां, त्रिस्तम्भीय रोकड़ बही के शेष निकालना, बहुस्तम्भीय रोकड़ बही, लघु रोकड़ बही तैयार करना, अग्रदाय पद्धति, अग्रदाय पद्धति के लाभ, लघु रोकड़ बही से खाता बही में खतौनी करना।

2. बैंक समाधान विवरण– प्रस्तावना, अर्थ, परिभाषा, आवश्यकता 06
एवं महत्व : रोकड़ बही एवं पास बुक के शेष में अन्तर (तीन चरणों में– समय में अन्तर, स्थाई आदेश के तहत भुगतान, अशुद्धियां) बैंक समाधान विवरण तैयार करना– रोकड़ शेष को आधार मानकर बैंक पास बुक के शेष को आधार मानकर, समायोजित रोकड़ बही के आधार पर बैंक समाधान विवरण तैयार करना।

3. विनिमय बिल – परिचय, अर्थ एवं परिभाषा, विशेषताएं, पक्षकार, 04
प्रारुप, विनिमय विपत्र के लाभ, विनिमय विपत्र के भेद, बिल से सम्बन्धित प्रमुख शब्दावली : बिल अवधि ा, देय तिथि, अनुग्रह दिवस, देय तिथि, समय पूर्व भुगतान, बिल का पराक्रमण, (सुपुर्दगी पर, बेचान द्वारा), बिल भुनाना, बिल को संग्रहण हेतु बैंक में भेजना, बिल अनादरण, निकराई व्यय, बिल का नवीनीकरण, स्वीकारककर्त्ता का दिवालिया होना। प्रतिज्ञा पत्र : अर्थ, प्रारुप, विनिमय बिल एवं प्रतिज्ञा पत्र में अन्तर। हुण्डी : अर्थ, प्रकार। प्राप्य बिल बही एवं देय बिल बही का प्रारुप, विनिमय बिल एवं प्रतिज्ञा पत्र का लेखांकन।

4. मूल्य ह्रास, आयोजन एवं संचय– मूल्य ह्रास : अर्थ, परिभाषा, 08
आवश्यकता, मूल्य ह्रास के कारण, मूल्य ह्रास और अप्रचलन, सम्पत्तियों की दृष्टि से वर्गीकरण, मूल्य ह्रास विधियां– स्थायी किस्त विधि, क्रमागत ह्रास विधि, मूल्य ह्रास विधि में परिवर्तन– चालू वर्ष से व पिछले वर्षो से, वार्षिक वृति विधि।

5. वर्गीय एवं स्वकीय संतुलन प्रणाली– वर्गीय संतुलन प्रणाली : 08
अर्थ, देनदार, खाता बही, लेनदार खाता बही व सामान्य खाता बही। स्वकीय संतुलन प्रणाली : अर्थ, समायोजन या नियन्त्रण खाते, देनदारों की खाता बही, लेनदारों की खाता बही व सामान्य खाता बही, खाता बही में विपरित शेष, अन्तः खाता हस्तान्तरण, विपरीत खाते एवं समायोजन, वर्गीय व स्वकीय संतुलन प्रणाली में अन्तर, वर्गीय एवं स्वकीय संतुलन प्रणाली से लाभ।

6. अपूर्ण अभिलेखो के खाते– प्रस्तावना, अपूर्ण लेखों का अर्थ, 08
परिभाषा एवं विशेषताएं, अपूर्णता के कारण, दोहरा लेखा विधि एवं अपूर्ण लेखा विधि में अन्तर, अपूर्ण लेखा विधि के दोष, अपूर्ण लेखों से लाभ/हानि ज्ञात करना, अवस्था विवरण विधि अथवा स्थिति विवरण विधि, परिवर्तन विधि (विस्तृत परिवर्तन विधि एवं संक्षिप्त परिवर्तन विधि)।

7. लेखांकन में कम्प्यूटर– कम्प्यूटर परिचय, लेखांकन सूचना प्रणाली : 08
अर्थ, परिभाषा, उद्भव क्षेत्र, मानवकृत एवं कम्प्यूटरीकृत लेखांकन में तुलना। लेखांकन सॉफ्टवेयर की संरचना एवं प्रकार। सिस्टम प्रपत्रीकरण : अर्थ, आवश्यकता। प्रवाह चित्र, निर्णयन तालिका, समंक प्रवाह चित्र।

निर्धारित पुस्तक –

लेखाशास्त्र – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

व्यवसाय अध्ययन

विषय कोड– 31

समय 3.15 घण्टे **पूर्णांक–100**

क्र.सं.	अधिगम क्षेत्र	अंकभार
1.	सैद्धान्तिक	70
2.	व्यावहारिक– प्रोजेक्ट कार्य	10
3.	केस स्टडी	20

क्र.सं.	पाठ्य वस्तु	अंकभार
1.	प्राचीन भारत में व्यवसाय : स्वरुप एवं व्यवहार – व्यापार प्रवृत्ति – व्यापारिक मार्ग – व्यापारिक केन्द्र – व्यापार में राज्य की भूमिका – भारतीय संस्कृति के विस्तार में – व्यापार की भूमिका	12
2.	व्यवसाय की अवधारणा – अर्थ, उद्देश्य, प्रकार – एकल व्यापार : अर्थ, उपादेयता – साझेदारी : अर्थ, प्रकार, संलेख – सीमित दायित्व साझेदारी : अर्थ – हिन्दू अविभाजित परिवार एवं पारिवारीक व्यवसाय : अर्थ, प्रासंगिकता – सहकारी समिति : अर्थ, उपयोगिता, निर्माण, पंजीयन	12
3.	कम्पनी : अर्थ, प्रकार (निजी, सार्वजनिक, एक व्यक्ति कम्पनी) कम्पनी निर्माण के प्रलेख : पार्षद सीमा नियम व पार्षद अन्तर्नियम	08
4.	व्यापार : जोखिम एवं अनिश्चिताएं : अर्थ, प्रकार, कारण परिणाम	05
5.	व्यावसायिक पूंजी : स्वयं की पूंजी, ऋण, ऋण के प्रकार, अंश पूंजी व प्रकार, ऋण पूंजी व प्रकार, बाण्ड	06
6.	कार्यालय एवं कार्यालय प्रबन्ध : कार्यालय अर्थ, कार्य,	05

	संरचना– रेखा, स्टाफ, समिति, क्रियात्मक	
7.	कार्यालय प्रबन्ध : स्वागत, डाक का वितरण, कार्यालय सेवाएं– अभिलेख संधारण, कार्यालय उपकरण, कार्यालय प्रबन्धक के कार्य व गुण	08
8.	कार्यालय सम्प्रेषण : अर्थ, प्रकार, बाधाएं, प्रभावी सम्प्रेषण के तत्व, व्यावसायिक पत्र, परिचयात्मक	12
9.	व्यवसाय की आधुनिक प्रवृत्तियां : ई कॉमर्स, मोबाइल कॉमर्स, नेटवर्किंग मार्केटिंग, बी.पी.ओ., फ्रेन्चाइजी	08
10.	वाणिज्य में रोजगार के अवसर : रोजगार क्षेत्रों की जानकारी, रोजगार को प्रभावित करने वाले तत्व, बीमा क्षेत्र, बीमा बैकिंग, पूंजी बाजार, सेवा क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र, तकनीकी क्षेत्र में अवसर एवं स्वरोजगार	12
11.	भ्रमण एवं पर्यटन प्रबन्ध : यात्रा, पर्यटन, यात्री, पर्यटक, साहसी यात्री, रोमांचक पर्यटक, पर्यटन के प्रकार, पर्यटन उत्पाद, राजस्थान में पर्यटन स्थल व उत्पाद।	12

निर्धारित पुस्तक –

व्यवसाय अध्ययन – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

टंकण लिपि हिन्दी एवं अंग्रेजी

विषय कोड–34 व 35

टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी के लिये 1 – 1 घण्टा पृथक–पृथक निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रश्न पत्र में वर्णित गद्यांश, पत्र और सारणी का कार्य टंकण यंत्र पर विद्यार्थी द्वारा किया जायेगा। अंग्रेजी तथा हिन्दी टंकण लिपि के लिये अंक विभाजन योजना निम्नानुसार होगी –

विवरण	टंकण के अंक	सजावट के अंक	कुल अंक
गद्यांश	18	02	20
पत्र	12	03	15
सारणी	12	03	15
योग	**42**	**08**	**50**

(हिन्दी टंकण लिपि)

समय : 1 घंटा **पूर्णांक : 50**

इकाई	विषय वस्तु
1.	कुंजी पटल का विवरण व ज्ञान एवं कौशल
2.	स्पर्श विधि द्वारा अंगुलियाँ चलाने का अभ्यास
3.	यंत्र रचना एवं पुर्जों का ज्ञान तथा प्रयोग व रख–रखाव
4.	पंक्ति के अन्त में शब्द विभाजन के नियमों का ज्ञान
5.	ऐसे अक्षरों व चिन्ह का टंकण ज्ञान व अभ्यास जिनका प्रावधान टंकण यंत्र में नहीं है।
6.	सरल हस्तलेख का टंकण अभ्यास
7.	शुद्धता एवं गति विकास के लिए शब्द अनुच्छेद टंकण करना
8.	सरल सारणी विवरण का टंकण (चार स्तम्भ) तक
9.	विराम चिन्हों के बाद स्थान (Space) छोड़ने के नियमों का ज्ञान
10.	कार्बन का प्रयोग, स्टेन्सिल काटना एवं फ्लूड का प्रयोग।

नोट : हिन्दी टंकण लिपि की गति 20 शब्द प्रति मिनट होगी।

(अंग्रेजी टंकण लिपि)

समय : 1 घंटा **पूर्णांक : 50**

इकाई	विषय वस्तु
1.	कुंजी पटल का विवरण व ज्ञान एवं कौशल
2.	टाईप करने की विधि एवं सिद्धान्त
3.	स्पर्श विधि द्वारा अंगुलियाँ चलाने का अभ्यास
4.	यंत्र रचना एवं पुर्जों का ज्ञान तथा प्रयोग व रखरखाव

5. पंक्ति के अन्त में शब्द विभाजन के नियमों का ज्ञान व विराम चिन्हों का प्रयोग
6. ऐसे अक्षरों व चिन्ह का टंकण ज्ञान व अभ्यास जिनका प्रावधान टंकण यंत्र में नहीं है।
7. शुद्धता एवं गति विकास के लिए शब्द अनुच्छेद टंकण करना
8. सरल सारणी विवरण का टंकण (चार स्तम्भ) तक
9. कार्बन का प्रयोग, स्टेन्सिल काटना एवं फ्लूड का प्रयोग।

नोट : अंग्रेजी टंकण लिपि की गति 25 शब्द प्रति मिनट होगी। हिन्दी व अंग्रजी टंकण में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

अभिस्तावित पुस्तक :

A Simple Manual of Typewriting -
M/S Ram Prasad & Sons, Agra.

हिन्दी शीघ्रलिपि विषय कोड–32

इस विषय की परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जायेगी। दोनों चरण एक ही दिन की दो पारियों में समाप्त किये जायेगें। प्रथम चरण के अन्तर्गत संकेतलिपि कौशल, अक्षरीकरण तथा टंकण अथवा कम्प्यूटर पर प्रस्तुति को परखा जायेगा, जबकि द्वितीय चरण के अन्तर्गत टंकण पारंगति की जाँच की जायेगी। दोनों चरणों की परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(हिन्दी शीघ्रलिपि–प्रथम चरण)

समय : 3.15 घंटे **पूर्णांक : 50**

इकाई विषय–वस्तु

1. व्यंजन, स्वर द्विध्वनिक
2. मात्राएँ
3. वृत एवं चाप
4. प्राथमिक एवं अन्तिम आँकड़े
5. अन्तिम आँकड़े के वृत एवं माप
6. अन्तिम शब्दावली
7. महाप्राण
8. मिश्रित व्यंजन
9. माध्यमिक अर्द्धवृत
10. अर्द्धवृत एवं द्विगुण नियम
11. प्रत्यय एवं उपसर्ग
12. सूक्ष्मीकरण
13. अग्रिम वाक्यांश

निर्देश :–1. प्रथम चरण की परीक्षा के लिए 3.15 घण्टे की अवधि तथा 50 अंक निर्धारित है।

2. परीक्षक द्वारा 70 शब्द प्रति मिनट की गति से बोलकर प्रश्न–पत्र के गद्यांश अथवा विभिन्न किस्म के पत्रों एवं सारणियों को लिखवाया जायेगा।
3. प्रत्येक भाग के श्रुति लेख के बीच में 5–5 मिनट का अन्तराल रखा जायेगा।
4. परीक्षार्थी इस प्रकार लिखवायें जाने वाले लेखों को संकेतबद्ध करेगें। परीक्षार्थी द्वारा संकेतलिपि के अतिरिक्त अन्य भाषा में लिखने पर अंकन शून्य किया जायेगा।
5. उक्त प्रकार से संकेतबद्ध अवतरणों को परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका में स्याही द्वारा अक्षरीकरण किया जायेगा। (हस्तलिखित)
6. उपरोक्तानुसार अक्षरीकृत पेराग्राफ/प्रपत्र/लेख आदि को परीक्षार्थी कम्प्यूटर अथवा टंकण यन्त्र से रूपान्तरण करेगा।
7. द्वितीय चरण में टंकण पारंगति की जाँच के लिए एक घण्टे की परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें परीक्षार्थी की टंकण गति, दक्षता, प्रस्तुति आदि को परखा जायेगा। इस हेतु 50 अंक निर्धारित है।

8. संकेतलिपि कौशल वृद्धि हेतु अभ्यास पाठों की आवृत्ति, व्यावसायिक, ओद्यौगिक,अधिकोषण एवं बीमा संबंधी पदावली तथा व्यावसायिक पत्रों का प्रयोग करना चाहिए।

9. रूपान्तरण के लिए समय 2.45 घंटे।

10. प्रश्नों का स्वरूप, समय तथा निर्धारित अंकों का विवरण निम्नानुसार है–

(अ)	व्यापारिक अथवा सरकारी पत्र	समय 3 मिनट	अंक 15
(ब)	गद्यांश	समय 6 मिनट	अंक 30
(स)	शब्द चिन्ह एवं शब्द समूह		अंक 05

अभिस्तावित पुस्तक :

सर्वभाषा संकेत लिपि (हिन्दी संस्करण) भाग 2
लेखक : जे. के. टण्डन
प्रकाशक : किरण पब्लिकेशंस, पुरानी मंडी, अजमेर

(हिन्दी शीघ्रलिपि–द्वितीय चरण)

समय : 1 घंटा **पूर्णांक : 50**

इकाई विषय–वस्तु

1. कुंजी पटल का विवरण व ज्ञान एवं कौशल
2. स्पर्श विधि द्वारा अंगुलियाँ चलाने का अभ्यास
3. यंत्र रखना एवं पुर्जों का ज्ञान तथा प्रयोग व रख रखाव
4. पंक्ति के अन्त में शब्द विभाजन के नियमों का ज्ञान
5. ऐसे अक्षरों व चिन्ह का टंकण ज्ञान व अभ्यास जिनका प्रावधान टंकण यंत्र में नहीं है
6. सरल हस्तलेख का टंकण अभ्यास
7. शुद्धता एवं गति विकास के लिए शब्द अनुच्छेद टंकण करना
8. सरल सारणी विवरण का टंकण (चार स्तम्भ) तक
9. विराम चिन्हों के बाद स्थान छोड़ने के नियमों का ज्ञान
10. कार्बन का प्रयोग स्टेन्सिल काटना एवं फ्लूड का प्रयोग

नोट : 1. हिन्दी टंकण लिपि की गति 20 शब्द प्रति मिनट होगी।
2. अंक विभाजन हिन्दी टंकण लिपि के अनुसार होगा।

अंग्रेजी शीघ्रलिपि विषय कोड–33

इस विषय की परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जायेगी। दोनों चरण एक ही दिन की दो पारियों में समाप्त किये जायेगें। प्रथम चरण के अन्तर्गत संकेतलिपि कौशल, अक्षरीकरण तथा टंकण अथवा कम्प्यूटर पर प्रस्तुति को परखा जायेगा, जबकि द्वितीय चरण के अन्तर्गत टंकण पारंगति की जाँच की जायेगी। दोनों चरणों की परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(अंग्रेजी शीघ्रलिपि–प्रथम चरण)

समय : 3.15 घंटे **पूर्णांक : 50**

इकाई विषय वस्तु

1. व्यंजन, स्वर द्विध्वनिक मात्राएँ
2. वृत एवं चाप
3. प्राथमिक एवं अन्तिम आँकड़े
4. अन्तिम आँकड़े के वृत्त एवं चाप
5. अन्तिम शब्दावली
6. महाप्राण
7. मिश्रित व्यंजन
8. माध्यमिक अर्द्धवृत्त
9. अर्द्धवृत एवं द्विगुण नियम
10. प्रत्यय एवं उपसर्ग
11. आउट लाइन

निर्देश :–1. प्रथम चरण की परीक्षा के लिए 3.15 घण्टे की अवधि तथा 50 अंक निर्धारित है।

2. परीक्षक द्वारा 70 शब्द प्रति मिनट की गति से बोलकर प्रश्न–पत्र के गद्यांश अथवा विभिन्न किस्म के पत्रों एवं सारणियों को लिखवाया जायेगा।
3. प्रत्येक भाग के श्रुति लेख के बीच में 5–5 मिनट का अन्तराल रखा जायेगा।
4. परीक्षार्थी इस प्रकार लिखवायें जाने वाले लेखों को संकेतबद्ध करेगें। परीक्षार्थी द्वारा संकेतलिपि के अतिरिक्त अन्य भाषा में लिखने पर अंकन शून्य किया जायेगा।
5. उक्त प्रकार से संकेतबद्ध अवतरणों को परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका में स्याही द्वारा अक्षरीकरण किया जायेगा। (हस्तलिखित)
6. उपरोक्तानुसार अक्षरीकृत पेराग्राफ/प्रपत्र/लेख आदि को परीक्षार्थी कम्प्यूटर अथवा टंकण यन्त्र से रूपान्तरण करेगा।
7. द्वितीय चरण में टंकण पारंगति की जाँच के लिए एक घण्टे की परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें परीक्षार्थी की टंकण गति, दक्षता, प्रस्तुति आदि को परखा जायेगा। इस हेतु 50 अंक निर्धारित है।

8. संकेतलिपि कौशल वृद्धि हेतु अभ्यास पाठों की आवृत्ति, व्यावसायिक, ओद्यौगिक,अधिकोषण एवं बीमा संबंधी पदावली तथा व्यावसायिक पत्रों का प्रयोग करना चाहिए।

9. रूपान्तरण के लिए समय 2.45 घंटे।

10. प्रश्नों का स्वरूप, समय तथा निर्धारित अंकों का विवरण निम्नानुसार है–

(अ)	व्यापारिक अथवा सरकारी पत्र	समय 3 मिनट	अंक 15
(ब)	गद्यांश	समय 6 मिनट	अंक 30
(स)	शब्द चिन्ह एवं शब्द समूह		अंक 05

अभिस्तावित पुस्तक :

पिटमेन्स शार्टहैण्ड इन्स्ट्रक्टर

प्रकाशक : सर आइजेक पिटमेन्स एण्ड संस लिमिटेड लंदन

(अंग्रेजी टंकण लिपि–द्वितीय चरण)

समय : 1 घंटा **पूर्णांक : 50**

इकाई विषय वस्तु

1. कुंजी पटल का विवरण व ज्ञान एवं कौशल
2. टाईप करने की विधि एवं सिद्धान्त
3. स्पर्श विधि द्वारा अंगुलियाँ चलाने का अभ्यास
4. यंत्र रचना एवं पुर्जों का ज्ञान तथा प्रयोग व रखरखाव
5. पंक्ति के अन्त में शब्द विभाजन के नियमों का ज्ञान व विराम चिन्हों का प्रयोग
6. ऐसे अक्षरों व चिन्ह का टंकण ज्ञान व अभ्यास जिनका प्रावधान टंकण यंत्र में नहीं है
7. शुद्धता एवं गति विकास के लिए शब्द अनुच्छेद टंकण करना
8. सरल सारणी विवरण का टंकण (चार स्तम्भ) तक
9. कार्बन का प्रयोग, स्टेन्सिल काटना एवं फ्लूड का प्रयोग

नोट : 1. अंग्रेजी टंकण लिपि की गति 25 शब्द प्रति मिनट होगी।

2. अंक विभाजन अंग्रेजी टंकण लिपि के अनुसार होगा।

भौतिक विज्ञान

विषय कोड– 40

इस विषय में एक प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक एवं एक प्रायोगिक परीक्षा होगी। परीक्षार्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है –

प्रश्न पत्र	समय (घंटे)	प्रश्न पत्र के लिए अंक	
सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र–एक	3.15	70	
प्रायोगिक	4.00	30	100

समय 3.15 घण्टे **पूर्णांक–70**

इकाई का नाम		**अंक**
Unit-I	भौतिक जगत तथा मापन	04
Unit-II	प्रारम्भिक गणितीय संकल्पनायें एवं गतिकी	09
Unit-III	गति के नियम	05
Unit-IV	कार्य, ऊर्जा तथा शक्ति	06
Unit-V	गुरूत्वाकर्षण	05
Unit-VI	दृढ़ पिण्ड गतिकी	09
Unit-VII	दोलन तथा तरंगें	09
Unit-VIII	स्थूल पदार्थो के गुण	09
Unit-XI	ऊष्मा एवं ऊष्मा गतिकी	09
Unit-X	गैसों का अणुगति सिद्धान्त	05

Details of Syllabus

Unit-I भौतिक जगत तथा मापन **04**

– भौतिकी का कार्य क्षेत्र एवं विस्तार, प्रौद्योगिकी एवं समाज में भौतिकी का योगदान, मापन की आवश्यकता, मापन के लिए मात्रक, मात्रकों की पद्धतियां, अंतर्राष्ट्रीय पद्धति में मात्रकों की परिभाषाएं, मूल एवं व्युत्पन्न मात्रक (सूची एवं उदाहरण सहित), एस.आई. मात्रकों के नाम एवं संकेत लिखने के नियम, विमाएं, विमीय विश्लेषण एवं विभिन्न भौतिक राशियों के विमीय सूत्र, विमीय समीकरण के अनुप्रयोग, विमिय समीकरण के सीमा बन्धन, सूक्ष्म एवं वृहद दूरियों का मापन, वर्नीयर कैलीपर्स, स्क्रूगेज मापन यंत्रों का अल्पतमांक, मापन में शुद्वता तथा त्रुटियां, क्रमबद्व एवं यादृच्छिक त्रुटियां, त्रुटियों का संयोजन, सार्थक अंक, अंकों का पूर्णांकन करना।

Unit-II प्रारम्भिक गणितीय संकल्पनायें एवं गतिकी **09**

(अ) अदिश व सदिश राशियां– अदिश व सदिश राशियां, सदिशों का निरूपण, कार्तिय निर्देशांक

पद्धति में एक विमीय, द्विविमीय एवं त्रिविमीय सदिश, सदिशों के प्रकार, सदिशों का संयोजन, सदिशों का वियोजन (द्वि विमीय एवं त्रि विमीय), दो सदिशों का अदिश एवं सदिश गुणनफल।

(ब) प्रारम्भिक अवकलन एवं समाकलन तथा उनके ज्यामितीय अर्थ, लघुगणक एवं इसके उपयोग।

(स) गतिकी– निर्देश तन्त्र, विराम एवं गति की संकल्पना, गतियों के प्रकार, दूरी व विस्थापन, चाल व वेग (औसत एवं तात्क्षणिक), त्वरण (औसत एवं तात्क्षणिक), विस्थापन–समय, वेग–समय तथा त्वरण–समय का ग्राफीय अध्ययन, एक समान त्वरित गति के समीकरण, आपेक्षिक गति।

(द) द्विविमीय एवं त्रिविमीय गति– द्विविमीय एवं त्रिविमीय गति में कण का विस्थापन, वेग एवं त्वरण तथा इनके सदिश रूप, प्रक्षेप्य गति, प्रक्षेप्य का पथ, प्रक्षेप्य का उडड्यन काल, अधिकतम ऊंचाई एवं क्षैतिज परास, त्रिविमीय गति के उदाहरण।

Unit-III गति के नियम **05**

– बल की संकल्पना, जड़त्व, न्यूटन के गति का प्रथम नियम, संवेग, न्यूटन के गति का द्वितीय नियम, आवेग एवं आवेग–संवेग प्रमेय, न्यूटन के गति का तृतीय नियम, संवेग संरक्षण नियम एवं इसके अनुप्रयोग, परिवर्ती द्रव्यमान के उदाहरण, संगामी बल, बल निर्देशक आरेख द्वारा यांत्रिकी में समस्याओं का हल, घर्षण एवं घर्षण के प्रकार, घर्षण के नियम, वृत्तीय गति, एक समान वृत्तीय गति, क्षैतिज एवं उर्ध्वाधर तल में वृत्तीय गति, समतल वृत्ताकार पथ पर वाहन की गति, सड़क में करवट (बंकन), बंकित सड़क पर वाहन की गति, आनत तल पर गति, जड़त्वीय एवं अजड़त्वीय निर्देश तन्त्र (प्रारम्भिक अवधारणा)।

Unit-IV कार्य, ऊर्जा तथा शक्ति **06**

– कार्य, अचर एवं परिवर्ती बल द्वारा किया गया कार्य, ऊर्जा एवं ऊर्जा के रूप, गतिज एवं स्थितिज ऊर्जा, कार्य–ऊर्जा प्रमेय, स्थितिज ऊर्जा की अवधारणा, कमानी की स्थितिज ऊर्जा, यांत्रिक ऊर्जा संरक्षण नियम एवं उसके उदाहरण, रैखिक संवेग एवं गतिज ऊर्जा में संबंध, संरक्षी एवं असरंक्षी बल, शक्ति, संघट्ट, संघट्ट के प्रकार प्रत्यावस्थान गुणांक, एक विमीय एवं द्विविमीय प्रत्यास्थ एवं अप्रत्यास्थ टक्कर।

Unit-V गुरूत्त्वाकर्षण **05**

– गुरूत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम, गुरूत्वीय क्षेत्र एवं उसकी तीव्रता, गुरूत्वीय त्वरण (g), गुरूत्वीय त्वरण g के मान में पृथ्वी सतह से ऊंचाई, गहराई, पृथ्वी की आकृति तथा घूर्णन के कारण परिवर्तन, गुरूत्वीय स्थितिज ऊर्जा एवं गुरूत्वीय विभव, प्रक्षेपण वेग, कक्षीय वेग एवं पलायन वेग, भारहीनता, भूस्थिर उपग्रह, उपग्रह का कक्षीय वेग, परिभ्रमण काल एवं कक्षीय ऊर्जा, ग्रहों की गति के केपलर के नियम, अन्तरिक्ष में भारत की उपलब्धियां।

Unit-VI दृढ़ पिण्ड गतिकी **09**

– दृढ़ पिण्ड, द्रव्यमान केन्द्र, द्विकण तंत्र का द्रव्यमान केन्द्र, नियमित दृढ़ पिण्डों के द्रव्यमान केन्द्र, द्रव्यमान केन्द्र की गति एवं संवेग संरक्षण, कोणीय विस्थापन, कोणीय वेग, कोणीय त्वरण, घूर्णन गति के समीकरण, रेखीय वेग एवं कोणीय वेग में सम्बंध, रेखीय त्वरण एवं कोणीय त्वरण में सम्बंध, जड़त्व

आघूर्ण, घूर्णन त्रिज्या, लम्बवत एवं समान्तर अक्षों की प्रमेय एवं व्युत्पति, कणों के निकाय का जड़त्व आघूर्ण, वलय, चकती, बेलन, ठोस गोला, खोखला गोला, एवं छड़ का जड़त्व आघूर्ण, बल आघूर्ण एवं कोणीय संवेग तथा इनके मध्य सम्बंध, घूर्णन गतिज ऊर्जा, बल आघूर्ण, जड़त्व आघूर्ण एवं कोणीय त्वरण में सम्बंध, कोणीय संवेग, जड़त्व आघूर्ण एवं कोणीय वेग में सम्बंध, कोणीय संवेग संरक्षण नियम एवं इसके अनुप्रयोग, नवतल पर लोटनी गति, दृढ़ पिण्डों का संतुलन।

PART-II

Unit-VII दोलन गति तथा तरंगें **09**

(अ) दोलन गति– आवर्त गति, दोलन गति, आवर्तकाल, विस्थापन, आयाम, तरंगदैर्ध्य, आवृत्ति, कला कोण की परिभाषाऐं, आवर्ती फलन, सरल आवर्त गति, सरल आवर्त गति के अभिलक्षण एवं समीकरण, प्रत्यानयन बल, सरल आवर्त गति के लिये विस्थापन, वेग एवं त्वरण के व्यंजक एवं ग्राफीय निरूपण, सरल आवर्त गति में गतिज एवं स्थितिज ऊर्जा के व्यंजक, ग्राफीय निरुपण एवं ऊर्जा संरक्षण, सरल आवर्त गति के उदाहरण– सरल लोलक एवं कमानी से जुड़े द्रव्यमान की गति, सरल लोलक की सहायता से g का मान ज्ञात करना, स्प्रिंगों का संयोजन, अवमंदित दोलन एवं प्रणोदित दोलन (गुणात्मक विवेचन), अनुनाद।

(ब) तरंग गति– तरंग गति, अनुदैर्ध्य एवं अनुप्रस्थ तरंगें, तरंग वेग, प्रगामी तरंग का समीकरण, तरंग का आयाम एवं तीव्रता में सम्बंध, तरंगों का अध्यारोपण, तरंगों का परावर्तन, अप्रगामी तरंगों का निर्माण, तनी हुई डोरी में अप्रगामी तरंगें एवं दोलन की विधायें, तनी डोरी में कम्पन के नियम, सोनोमीटर, वायु स्तम्भ में अप्रगामी तरंगें एवं कम्पन की विधायें, अनुनाद।

ध्वनि तरंगें एवं विभिन्न माध्यमों में ध्वनि का वेग, ध्वनि के वेग की ताप पर निर्भरता, अनुनाद नली की सहायता से वायु में ध्वनि का वेग ज्ञात करना, विस्पन्द एवं इसके अनुप्रयोग, ध्वनि तरंगों में डाप्लर प्रभाव।

Unit-VIII स्थूल पदार्थो के गुण **09**

(अ) प्रत्यास्थता– प्रत्यास्थता, प्रतिबल एवं विकृति, हुक का नियम, यंग का प्रत्यास्थता गुणांक, आयतन एवं अपरूपण प्रत्यास्थता गुणांक, पॉयसा अनुपात, प्रत्यास्थ ऊर्जा, सर्ल की विधि से प्रत्यास्थता गुणांक को ज्ञात करना।

(ब) तरल– तरल स्तम्भ के कारण दाब, पास्कल के नियम एवं इसके अनुप्रयोग, गहराई के साथ दाब में सम्बंध, वायुमण्डलीय दाब, श्यानता एवं श्यानता गुणांक, वेग प्रवणता, स्टोक का नियम, अन्तिम वेग एवं व्युत्पत्ति, तरल का प्रवाह, धारा रेखीय प्रभाव एवं विक्षुब्ध प्रवाह, क्रान्तिक वेग, रेनाल्ड्स संख्या, सांतत्य की समीकरण, बहते हुये द्रव की ऊर्जायें, बर्नूली की प्रमेय एवं इसके अनुप्रयोग। पृष्ठ तनाव, पृष्ठीय ऊर्जा एवं पृष्ठ तनाव में सम्बंध, संसजक एवं आसंजक बल, सम्पर्क कोण, पृष्ठ तनाव के अनुप्रयोग– बूंद, बुलबुला एवं केशनली।

Unit-IX ऊष्मा एवं ऊष्मा गतिकी **09**

(अ) ऊष्मीय गुण– ऊष्मा, ताप, पदार्थो का ऊष्मीय प्रसार, विशिष्ट ऊष्मा, तापमापन, अवस्था

परिवर्तन एवं गुप्त ऊष्मा, ऊष्मा संचरण की विधियां – चालन, सवंहन एवं विकिरण, एक विमा में उष्मीय चालन, न्यूटन का शीतलन नियम, कैलोरीमापी की सहायता से द्रव की विशिष्ट ऊष्मा ज्ञात करना। कृष्णिका विकिरण, अवशोषण एवं उत्सर्जन क्षमता, किरचॉफ का नियम, वीन का विस्थापन नियम एवं स्टीफन नियम।

(ब) ऊष्मा गतिकी– ऊष्मीय साम्य, ऊष्मागतिकी का शून्यांकी नियम, ऊष्मा का यांत्रिक तुल्यांक, ऊष्मा, कार्य एवं आन्तरिक ऊर्जा, सूचक आरेख, ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम एवं आदर्श गैसों के लिये इसके अनुप्रयोग, मेयर सम्बंध, विभिन्न ऊष्मागतिक प्रक्रम एवं उनमें किया गया कार्य, उत्क्रमणीय एवं अनुत्क्रमणीय प्रक्रम, कार्नो इंजन एवं उसकी दक्षता, ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम।

Unit-X गैसों का अणुगति सिद्धान्त 05

आदर्श गैस की संकल्पना, आदर्श गैस की अवस्था समीकरण, वॉन्डरवाल समीकरण (वास्तविक गैसों के समीकरण), गैसों का अणुगति सिद्धान्त के अभिगृहित, आदर्श गैस का दाब, आवोग्राद्रो संख्या, अणुगति सिद्धान्त से आदर्श गैस के विभिन्न नियम, आदर्श गैस की गतिज ऊर्जा एवं ताप, वर्ग माध्य मूल वेग, स्वतंत्रता की कोटियां, ऊर्जा का समविभाजन नियम, एक परमाणुक, द्वि परमाणुक एवं बहु परमाणुक गैसों की विशिष्ट ऊष्माएं, माध्य मुक्त पथ, गैसों का आयतन प्रत्यास्थता गुणांक।

टिप्पणी–

1. प्रत्येक इकाई में यथास्थान (विषय वस्तु के अनुसार) भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान एवं जीवन परिचय दिया जाये।
2. प्रत्येक विषय वस्तु से संबंधित संख्यात्मक उदाहरण एवं अभ्यास प्रश्न समुचित मात्रा में दिये जाएं।
3. प्रत्येक इकाई के अन्त में सारांश लिखे।
4. यथास्थान तालिका को शामिल करें।
5. वैज्ञानिक शब्दों के शीर्षक अंग्रेजी में भी लिखे।
6. पारिभाषिक शब्दावली को किताब के पीछे दें।
7. प्रमुख स्थिरांकों के प्रतीक चिन्ह एवं उनके मान की सारणी दें।

प्रायोगिक

प्रत्येक विद्यार्थी को अकादमिक सत्र की अवधि में 10 प्रयोग (प्रत्येक अनुभाग से 5) तथा 10 क्रियाकलाप (प्रत्येक अनुभाग से 5) करने हैं।

प्रयोग

अनुभाग 'A'

1. वर्नियर कैलीपर्स की सहायता से
   (i) दिये गये नियमित पिण्ड की विमायें मापना एवं उसका घनत्व ज्ञात करना।
   (ii) दिये गये पात्र का आन्तरिक व्यास एवं गहराई मापना तथा इसका आयतन ज्ञात करना।

2. स्क्रूगेज की सहायता से
   (i) दिये गये तार का व्यास ज्ञात करना।
   (ii) दी गई शीट की मोटाई ज्ञात करना।
3. गोलाईमापी की सहायता से दी गई गोलीय सतह की वक्रता त्रिज्या ज्ञात करना।
4. दिये गये पिण्ड का भार सदिशों के समान्तर चतुर्भुज के नियम की सहायता से ज्ञात करना।
5. सरल लोलक की सहायता से गुरूत्वीय त्वरण g का मान ज्ञात करना तथा सैकण्ड लोलक की लम्बाई ज्ञात करना।
6. सीमान्त घर्षण बल एवं अभिलम्ब प्रतिक्रिया बल के मध्य संबंध का अध्ययन करना एवं एक क्षैतिज सतह एवं एक गुटके के मध्य घर्षण गुणांक ज्ञात करना।
7. नियमित आकार वाले पिंड का जड़त्व आघूर्ण दोलन विधि द्वारा ज्ञात करना।
8. एक नत तल के अनुदिश एक रोलर पर पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण के कारण नीचे की ओर लगने वाले बल का मान ज्ञात करना तथा आनत कोण के साथ इसके संबंध का अध्ययन करना।
9. स्प्रिंग पर भार लटका कर उसका बल नियतांक ज्ञात करना।

अनुभाग 'B'

1. दिये गये तार के पदार्थ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक ज्ञात करना।
2. केशिका नली उन्नयन द्वारा जल का पृष्ठ तनाव ज्ञात करना।
3. न्यूटन के शीतलन नियम का सत्यापन करना। $n\alpha\frac{1}{l}$
4. स्वरमापी की सहायता से डोरी के अनुप्रस्थ कम्पन के नियम (i) (ii) $n\alpha\sqrt{T}$ का सत्यापन करना।
5. स्वरमापी की सहायता से दिये गये स्वरित्र की आवृत्ति ज्ञात करना।
6. अनुनाद नली की सहायता से वायु में ध्वनि का वेग ज्ञात करना (3 विभिन्न आवृत्ति वाले स्वरित्रों का उपयोग करके) तथा आवृत्ति एवं अनुनादित लम्बाई के मध्य ग्राफ खींचना।
7. दिये गये श्यान द्रव में एक गोलाकार पिण्ड का अन्तिम वेग मापना एवं द्रव का श्यानता गुणांक ज्ञात करना।
8. नियत ताप पर वायु के प्रतिदर्श के लिये दाब के साथ आयतन में परिवर्तन का अध्ययन करना।
9. मिश्रण विधि से दिये गये (i) ठोस (ii) द्रव की विशिष्ट ऊष्मा ज्ञात करना।

क्रियाकलाप

अनुभाग 'A'

1. दिये गये अल्पतमांक की पेपर स्केल का निर्माण करना।
2. आघूर्ण के सिद्धांत द्वारा मीटर स्केल का प्रयोग करते हुये दिये गये पिण्ड का द्रव्यमान ज्ञात

करना।

3. स्केल एवं त्रुटि बार के उचित चयन द्वारा दिये गये आंकड़ों के समुच्चय के लिये ग्राफ बनाना।
4. चल सूक्ष्मदर्शी द्वारा दी हुई दो समानांतर रेखाओं के मध्य की दूरी ज्ञात करना।
5. प्रक्षेप्य कोण के साथ पानी के जेट की परास में परिवर्तन का अध्ययन करना।
6. लघुगणक के द्वारा दिये गये आंकड़ों से किसी भौतिक राशि के औसत मान व वर्ग माध्य मूल मान में विचलन ज्ञात करना।
7. किसी भौतिक तुला को समंजित कर दिये गये ठोस का द्रव्यमान ज्ञात करना।

अनुभाग 'B'

1. मोम के लिये अवस्था परिवर्तन का प्रेक्षण करना एवं शीतलन वक्र खींचना।
2. केशिका उन्नयन का प्रेक्षण करते हुये जल के पृष्ठ तनाव पर अपमार्जक के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. एक ही राशि को मापने वाले दो विभिन्न अल्पतमांक वाले मापन यंत्रों की सहायता से यर्थतता एवं परिशुद्धता की तुलना करना।
4. एक द्वि धात्विक पट्टी पर ऊष्मा के प्रभाव का प्रेक्षण करना एवं व्याख्या करना।
5. उचित रुप से कसे हुये मीटर स्केल के झुकाव पर भार का अध्ययन करना जबकि भार (i) एक सिरे पर आरोपित हो (ii) ठीक मध्य में आरोपित हो।
6. किसी पात्र में द्रव को गर्म करने पर उसके तल में परिवर्तन को नोट कर प्रेक्षणों की व्याख्या करना।
7. किसी द्रव की ऊष्मा क्षति की दर को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करना।

प्रायोगिक परीक्षा के मूल्यांकन की रूपरेखा

	अंक
किसी एक अनुभाग से एक प्रयोग	10
दो क्रियाकलाप (प्रत्येक अनुभाग में एक) 5 X 2	10
प्रायोगिक रिकॉर्ड (प्रयोग एवं क्रियाकलाप)	05
प्रयोग एवं क्रियाकलापों पर मौखिक प्रश्न	05
योग	**30**

निर्धारित पुस्तक –

1. **भौतिक विज्ञान** – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
2. **प्रायोगिक भौतिकी–1** – माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

रसायन विज्ञान

विषय कोड– 41

इस विषय में एक प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक एवं एक प्रायोगिक परीक्षा होगी। परीक्षार्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है –

प्रश्न पत्र	समय (घंटे)	प्रश्न पत्र के लिए अंक	
सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र–एक	3.15	70	
प्रायोगिक	4.00	30	100

इकाई का नाम **70 अंक**

Unit-I Some Basic Concept of Chemistry रसायन विज्ञान की मूल अवधारणाएँ 04
Unit-II Structure of Atom परमाणु की संरचना 05
Unit-III Classification of Elements and periodicity in properties
तत्वों का वर्गीकरण और गुणों में आवर्तिता 05
Unit-IV Chemical bonding
रासायनिक आबंधन 06
Unit-V State of Matter द्रव्य की अवस्थाएं 04
Unit-VI Tharmodynamics उष्मागतिकी 06
Unit-VII Equilibirium साम्य 08
Unit-VIII Redox Reaction रेडॉक्स अभिक्रियाएं 03
Unit-IX Hydrogen हाइड्रोजन 03
Unit-X s- block Elements s- ब्लाक के तत्व 04
Unit-XI Some p-block Elements p-ब्लाक के कुछ तत्व 04
Unit-XII Organic Chemistry : Some basic Principles and mechanism
कार्बनिक रसायन कुछ मूल सिद्धांत और क्रियाविधि 07
Unit-XIII Hydrocarbon हाइड्रोकार्बन 08
Unit-XIV Environmental Chemistry पर्यावरणीय रसायन 03

Details of the Syllabus

Unit I: रसायन विज्ञान की मूल अवधारणाएँ **04**

(1) रसायन विज्ञान का महत्व व भारतीय वैज्ञानिकों का रसायन विज्ञान में योगदान।
(2) रसायन विज्ञान में मापन– सार्थक अंक व मापन की अंतर्राष्ट्रीय इकाइयां।
(3) रसायनिक संयोग के नियम।
(4) डाल्टन का परमाणुवाद सिद्वांत– तत्व, परमाणु व अणु की आरम्भिक अवधारणा।
(5) आवोगाद्रो परिकल्पना व इसके उपयोग।
(6) मोल अवधारणा एवं आवोगाद्रो संख्या।
(7) परमाणु भार, तुल्यांकी भार, अणु भार की प्रारम्भिक अवधारणा।

(8) प्रतिशत संघटन, मूलानुपाती सूत्र व अणु सूत्र।
(9) रासायनिक अभिक्रियाओं की समीकरणमिति एवं गणनाएं, सीमान्त अभिकारक।

Unit II: परमाणु संरचना **05**

(1) मूलभूत कण– इलेक्ट्रॉन, प्रोटोन एवं न्यूट्रॉन की खोज।
(2) परमाणु क्रमांक, द्रव्यमान संख्यां, समस्थानिक, समभारिक।
(3) थामसन का परमाणु प्रतिरूप व इसकी सीमाएं।
(4) रदरफोर्ड का परमाणु प्रतिरूप व इसकी सीमाएं।
(5) विद्युत चुम्बकीय विकिरण की प्रकृति।
(6) बोर सिद्वांत की अभिधारणाएं व बोर परमाणु मॉडल, हाइड्रोजन परमाणु का उत्सर्जन स्पेक्ट्रम।
(7) बोर मॉडल की कमियां, सोमरफील्ड द्वारा बोर मॉडल का प्रसार, कोश, उपकोश की अवधारणा।
(8) पदार्थ व प्रकाश की द्वैत प्रकृति, दे ब्रागली समीकरण।
(9) हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्वांत, प्लॉक का क्वान्टम सिद्वांत।
(10) क्वान्टम संख्याएं– कक्षक अवधारणा (s, p व d कक्षकों की आकृति)
(11) तत्वों का इलेक्ट्रानिक विन्यास।
(12) ऑफबो सिद्वांत– प्राऊली अपवर्जन नियम, हुण्ड का नियम (n+l) का नियम।
(13) अर्ध पूर्ण एवं पूर्ण कक्षकों का स्थायित्व।

Unit III: तत्वों का वर्गीकरण तथा गुणों में आवर्तिता **05**

(1) वर्गीकरण की आवश्यकता।
(2) मेण्डेलीफ का आवर्त नियम व मेण्डेलीफ की आवर्त सारणी, आवर्त सारणी के दोष।
(3) आधुनिक आवर्त नियम व आधुनिक आवर्त सारणी, आवर्त सारणी के दोष, 100 से अधिक परमाणु क्रमांक वाले तत्वों का IUPAC नामकरण।
(4) तत्वों के प्रकार (s, p, d, f ब्लॉक तत्व)
(5) तत्वों के गुणों में आवर्तिता– परमाण्वीय त्रिज्या, आयनन ऐन्थेल्पी, इलेक्ट्रॉन लाधि ऐन्थेल्पी, विद्युत ऋणता।
(6) संयोजकता की अवधारणा।

Unit IV: रासायनिक बंधन **06**

((1) रासायनिक बन्धन– संयोजकता इलेक्ट्रॉन, अष्टक नियम एवं इसके अपवाद।
(2) आयनिक बन्ध– आयनिक यौगिकों के सामान्य लक्षण, विलेयता, जालक ऊर्जा।
(3) सह संयोजक बन्ध– सह संयोजक यौगिकों के सामान्य लक्षण, संकरण, वी.एस.ई.पी.आर. सिद्वांत, बन्ध का ध्रुवण, फायन्य नियम, आयनिक विभव।
(4) संयोजकता बन्ध सिद्वांत– अनुनाद की अवधारणा, बन्ध के दिशात्मक गुण।
(5) उप सह संयोजक बन्ध की अवधारणा।
(6) सम द्वि नाभिकीय अणुओं के लिए अणु कक्षक सिद्वांत एवं आरेख।
(7) हाइड्रोजन बन्ध।

Unit V: द्रव्य की अवस्थाएं : गैस एवं द्रव **04**

(1) द्रव्य की अवस्थाएं, अन्तरा आण्विक अन्तः क्रियाऐं, बन्धन के प्रकार, गलनांक एवं क्वथनांक।

(2) गैसों के नियम– बॉयल नियम, चार्ल्स नियम, गेलुसेक नियम, आवोगाद्रो परिकल्पना।
(3) गैसों का आदर्श व्यवहार, आदर्श गैस समीकरण, आदर्श व्यवहार से विचलन, वाण्डरवाल समीकरण, गैसों का द्रवण एवं क्रान्तिक ताप।
(4) द्रव अवस्था– वाष्प दाब, श्यानता एवं पृष्ठ तनाव (सामान्य परिचय)

Unit VI: उष्मागतिकी **06**

(1) तन्त्र एवं परिवेश, तन्त्र के प्रकार।
(2) कार्य, ऊष्मा, ऊर्जा गहन एवं विस्तीर्ण गुण, अवस्था फलन।
(3) ऊष्मागतिकी का शून्य व प्रथम नियम, आन्तरिक ऊर्जा एवं ऐन्थेल्पी, ऊष्माधारिमा, विशिष्ट ऊष्मा, ΔU व का मापन।
(4) हैस का स्थिर ऊष्मा संकलन नियम
(5) विभिन्न ऐन्थेल्पी परिवर्तन– बन्ध वियोजन, उदासीनीकरण, दहन, सम्भवन, कणन, ऊर्ष्वपातन, प्रावस्था संक्रमण, आयनन तथा विलायनकन ऐन्थेल्पी।
(6) ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम व ऊष्मा इंजन दक्षता, ऐन्ट्रॉपी।
(7) अवस्था फलन, स्वतः, अस्वतः प्रवर्तित प्रक्रमों एवं साम्यावस्था के लिए गिब्स मुक्त ऊर्जा परिवर्तन।

Unit VII: साम्य **08**

(1) रासायनिक साम्य– साम्य की प्रकृति, भौतिक एवं रासायनिक प्रक्रमों में साम्य, द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम, साम्य को प्रभावित करने वाले कारक एवं साम्य स्थिरांक द्रव्य अनुपाती क्रिया के नियम का प्रायोगिक सत्यापन। K_p एवं K_c में सम्बन्ध, द्रव्य अनुपाती क्रिया के नियम का समांगी साम्यों पर अनुप्रयोग, लॉ शैतालिए का नियम एवं इसका भौतिक एवं रासायनिक निकायों पर अनुप्रयोग। ΔH
(2) आयनिक साम्य– विलयनों में आयनिक साम्य, आरेनियस का आयनन सिद्वांत, अम्ल–क्षार अवधारणाएं (आरेनियस, ब्रॉस्टेड लॉरी, लुईस), अम्ल–क्षार वियोजन, अम्ल–क्षार साम्य, जल का आयनिक गुणनफल, p^H मापक्रम, लवणों का जल अपघटन, लवण विलयनों के p^H की गणना, बफर विलयन, अम्ल–क्षार अनुमापन, विलेयता एवं विलेयता गुणनफल, समआयन प्रभाव।

Unit VIII: रेडॉक्स अभिक्रियाएं **03**

(1) ऑक्सीकरण व अपचयन की अवधारणा, रेडॉक्स अभिक्रियाएं।
(2) ऑक्सीकरण अंक व उसके निर्धारण के नियम।
(3) ऑक्सीकरण अंक विधि तथा आयन इलेक्ट्रॉन विधि द्वारा रेडॉक्स अभिक्रियाओं को संतुलित करना।
(4) रेडॉक्स अभिक्रियाओं के अनुप्रयोग।

Unit IX : हाइड्रोजन **03**

(1) आवर्त सारणी में हाइड्रोजन की स्थिति, उपलब्धता, समस्थानिक, आर्थो व पैरा हाइड्रोजन।
(2) हाइड्रोजन बनाने की विधियां, गुण एवं उपयोग।
(3) विभिन्न प्रकार के हाइड्राइडस।
(4) जल के भौतिक एवं रासायनिक गुण, भारी जल एवं उपयोग।
(5) हाइड्रोजन परौक्साइड के बनाने की विधियां, गुण एवं संरचना।

Unit X: s- ब्लाक के तत्व **04**

(1) सामान्य परिचय, इलेक्ट्रानिक विन्यास एवं उपलब्धता।
(2) Li एवं Be का असामान्य व्यवहार, विकर्ण सम्बन्ध।
(3) आयनन ऐन्थेल्पी, परमाणवीय व आयनिक त्रिज्याओं में परिवर्तन।
(4) ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, हैलोजन एवं जल के साथ रासायनिक क्रियाशीलता एवं उपयोग।
(5) सोडियम कार्बोनेट, सोडियम बाई कार्बोनेट, सोडियम क्लोराइड व सोडियम हाइड्रोक्साइड का निर्माण व गुणधर्म।
(6) सोडियम पोटेशियम का जैविक महत्व।
(7) कैल्शियम ऑक्साइड व कैल्शियम कार्बोनेट का निर्माण, गुणधर्म एवं उपयोग।
(8) Mg एवं Ca का जैविक महत्व।

Unit XI: p-ब्लाक के तत्व **04**

(1) समूह 13 के तत्व– सामान्य परिचय, इलेक्ट्रानिक विन्यास, उपलब्धता, गुणों में परिवर्तन, ऑक्सीकरण अवस्था, रासायनिक क्रियाशीलता में प्रवृति।
(2) बोरॉन– असामान्य व्यवहार, भौतिक एवं रासायनिक गुण, बोरेक्स, बोरिक अम्ल व बोरॉन हाइड्राइट।
(3) एल्यूमिनियम– अम्ल व क्षारों के साथ अभिक्रियाएं तथा उपयोग।
(4) समूह 14 के तत्व– सामान्य परिचय, इलेक्ट्रानिक विन्यास, उपलब्धता, गुणों में परिवर्तन, ऑक्सीकरण अवस्था, रासायनिक क्रियाशीलता में प्रवृति।
(5) कार्बन– असामान्य व्यवहार, श्रृंखलन, अपररूपता, भौतिक एवं रासायनिक गुण, कार्बन के ऑक्साइडों के कुछ महत्वपूर्ण उपयोग।
(6) सिलिकन के महत्व, पूर्ण यौगिक एवं उनके उपयोग, सिलिकन ट्रेटा क्लोराइड, सिलिकॉन्स, सिलिकेटस, जिओलाइटस।

Unit XII: कार्बनिक रसायन : कुछ मूल सिद्धांत और क्रियाविधि **07**

(1) सामान्य परिचय, कार्बनिक यौगिकों का गुणात्मक एवं मात्रात्मक विश्लेषण, वर्गीकरण व सजातीय श्रेणियां।
(2) नामकरण– रूढ़, व्युत्पन्न एवं IUPAC पद्वति।
(3) सह संयोजक बन्ध में इलेक्ट्रोनों का विस्थापन– प्रेरणिक प्रभाव, इलेक्ट्रोमेरी प्रभाव, अनुवाद एवं अति संयुग्मन।
(4) सह संयोजक बन्ध का विलयन, मुक्त मूलक, कार्ब धनायन, कार्ब ऋणायन, कार्बीन एवं नाइट्रीन।
(5) इलेक्ट्रोन स्नेही एवं नाभिक स्नेही, कार्बनिक अभिक्रियाओं के प्रकार।

Unit XIII: हाइड्रोकार्बन **08**

(1) ऐल्केन– नामकरण, समावयवता, संरूपण (ऐथेन) बनाने की विधियां, भौतिक गुण, रासायनिक अभिक्रियाएं, हैलोजनीकरण की मुक्त मूलक क्रियाविधि, दहन, ताप अपघटन।
(2) ऐल्कीन– नामकरण, ऐथीन में बन्धन, ज्यामितीय समावयवता, बनाने की विधियां, भौतिक गुण, रासायनिक अभिक्रियाएं– हाइड्रोजन, हैलोजन, जल एवं हाइड्रोजन हैलाइड का योग (मारकोनी कॉफ योग व पराक्साइड प्रभाव) ओजोनी अपघटन, ऑक्सीकरण, इलेक्ट्रान स्नेही योग की क्रियाविधि।
(3) ऐल्काइन– नामकरण, ऐथाइन में बन्धन, बनाने की विधियां, भौतिक गुण, रासायनिक अभिक्रियाएं–

ऐल्काइनों का अम्लीय लक्षण, हाइड्रोजन, हैलोजन, हाइड्रोजन हैलाइड एवं जल का योग।
(4) ऐरोमेटिक हाइड्रोकार्बन – परिचय, IUPAC नामकरण, बेन्जीन, अनुनाद, ऐरोमेटिकता, रासायनिक गुण– इलेक्ट्रान स्नेही प्रतिस्थापन की क्रियाविधियां, नाइट्रीकरण, सल्फोनीकरण, हैलोजनीकरण, फीडेल क्राफ्ट, ऐल्किनीकरण एवं ऐसिलीकरण, एकल प्रतिस्थापी, बेन्जीन में विभिन्न प्रतिस्थापियों का निर्देशी प्रभाव, कैन्सरजन्य गुण तथा विषाक्तता।

Unit XIV: पर्यावरणीय रसायन **03**

(1) पर्यावरणीय प्रदूषण– वायु, जल एवं मृदा प्रदूषण वायुमण्डल में रासायनिक अभिक्रियाएं, धुम कोहरा, प्रमुख वायुमण्डलीय प्रदूषक– अम्ल वर्षा, ओजोन व उसकी अभिक्रियाएं, ओजोन परत क्षरण के प्रभाव, हरित गृह प्रभाव एवं भूमण्डलीय ताप वृद्वि, राजस्थान में औद्योगिक अपशिष्टों से प्रदूषण, प्रदूषण नियंत्रण में हरित रसायन एक वैकल्पिक साधन, पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय।

प्रायोगिक रसायन (Practical)

1. रासायनिक पदार्थो का अभिलाक्षणीकरण एवं शोधन **03**

A. कार्बनिक यौगिकों के गलनांक का निर्धारण

B. कार्बनिक यौगिकों के क्वथनांक का निर्धारण

C. निम्नलिखित अशुद्व यौगिकों के क्रिस्टलीकरण द्वारा शुद्विकरण –फिटकरी, कॉपर सल्फेट, बेन्जोइक अम्ल, फेरस सल्फेट।

2. pH आधारित प्रयोग (pH पत्र की सहायता से) **02**

A. फलों के रस का pH ज्ञात करना।

B. युनिवर्सल सूचक की सहायता से प्रबल अम्ल एवं प्रबल क्षार अनुमापन में रंग परिवर्तन।

C. उभय प्रतिरोधी विलयन बनाना व pH निर्धारण करना।
($CH_3COOH + CH_3COONa$, $NH_4OH + NH_4Cl$)

3. मात्रात्मक विश्लेषण **06**

A. अम्ल क्षार एकल अनुमापन

B. ऑक्सीकरण अपचयन एकल अनुमापन

4. गुणात्मक विश्लेषण **2+2**

A. दिये गये लवण से एक अम्लीय एवं एक क्षारीय मूलक की पहचान–
अम्लीय मूलक–
समूह (अ)– CO_3^{2-}, CH_3COO^-, NO_2^-, S^{2-}
समूह (ब)– Cl^-, Br^-, I^-, NO_3^-
अन्य– SO_4^{2-}
क्षारीय मूलक–
Pb^{2+}, Sb^{3+}, Cu^{2+}, As^{3+}, Cd^{2+}, Bi^{3+}, Fe^{3+}, Al^{3+}, Cr^{3+}, Mn^{2+}, Co^{2+}, Ni^{2+}, Zn^{2+}, Ca^{2+}, Sr^{2+}, Ba^{2+}, Mg^{2+}, NH_4^+
(नोट – जल में घुलनशील)

5. दिये गये कार्बनिक यौगिक से निम्न तत्वों की पहचान– **03**

नाइट्रोजन, सल्फर, क्लोरीन, ब्रोमीन, आयोडीन
(नोट– कोई दो हैलोजन एक साथ नहीं)

6. निम्न खाद्य पदार्थो की शुद्वता की पहचान– **02**
देशी घी, मूंगफली का तेल, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, दूध, मावा।

7. कुछ प्रस्तावित प्रायोजनाएं–
– पीने के पानी में सल्फाइड आयन विधि से बैक्टीरिया की उपस्थिति का परिक्षण।
–जल शुद्विकरण की विभिन्न विधियों का अध्ययन।
– पीने के पानी की कठोरता एवं फ्लोराइड की जांच।
– विभिन्न साबुनों द्वारा झाग उत्पन्न करने की क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन एवं सोडियम कार्बोनेट का प्रभाव।
– चाय पत्ती के विभिन्न नमूनों की अम्लता का अध्ययन।
– विभिन्न द्रवों के वाष्पीकरण दर का अध्ययन।

8. सत्रीय कार्य (रिकॉर्ड एवं प्रायोजनाएं) **04**

9. मौखिक परीक्षा (Viva) **02**

कुल योग 30

प्रायोगिक परीक्षा की मूल्यांकन योजना 30

* There are initial excercises - which will give the method to the students for working in Laboratory

*	Experiments based on PH	02
*	Qualitative Estimation	04
*	Quantitative Estimation	06
*	Elements detection (in an organic compond)	03
*	Project work	04
*	Characterization & purification of chemicals	03
*	Purity of edibles	02
*	Record	04
*	Viva	02

निर्धारित पुस्तकें :

1. **रसायन विज्ञान**– माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
2. **रसायन विज्ञान प्रायोगिक–1** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।

जीव विज्ञान

विषय कोड– 42

इस विषय में एक प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक एवं एक प्रायोगिक परीक्षा होगी। परीक्षार्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है –

प्रश्न पत्र	समय (घंटे)	प्रश्न पत्र के लिए अंक	
सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र–एक	3.15	70	
प्रायोगिक	4.00	30	100

वनस्पति विज्ञान (Botany)

इकाई विषय वस्तु

Unit-I जैव जगत एवं सजीवों का वर्गीकरण

(Animal kingdom and classification of living being) **अंक भार–07**

1. जीव विज्ञान परिचयात्मक Introduction Of Biology : परिचय, इतिहास, प्राचीन भारत में जीव विज्ञान (चरक, सुश्रुत, धनवन्तरि, जगदीश चन्द्र बोस, बीरबल साहनी, पी महेश्वरी, के.सी. मेहता, एम.एस. स्वामीनाथन वैज्ञानिकों का संक्षिप्त परिचय एवं योगदान) सजीवता के लक्षण, (पादप एवं जन्तुओं में अंतर, वनस्पति विज्ञान की शाखायें, जीव विज्ञान) के अवसर एवं जीवविज्ञान में भविष्य।
2. जीवों का वर्गीकरण Classification of organisms : वर्गीकरण की आवश्यकता एवं अर्थ, पादप वर्गीकरण का संक्षिप्त इतिहास, वर्गीकरण के प्रकार एवं विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा दिये गये वर्गीकरणों की संक्षिप्त जानकारी, पंच जगत (Five Kingdom) वर्गीकरण संकल्पना– प्रमुख आधार।
3. विषाणु (Virus) : संरचना, प्रकार एवं आर्थिक महत्व।
4. जगत मोनेरा Monera: सामान्य लक्षण, जीवाणु (Bacteria) की संरचना, अभिरंजन आधारित वर्गीकरण, पोषण, जनन एवं आर्थिक महत्व।
5. जगत प्रोटिस्टा Protista: सामान्य लक्षण
6. जगत कवक (Fungi) : सामान्य लक्षण, वर्गीकरण, एवं आर्थिक महत्व, लाइकेन एवं माइकोराइजा के सामान्य लक्षण, प्रकार एवं आर्थिक महत्व।
7. जगत पादप (Plantae) : शैवाल (Algae), ब्रायोफाइटा (Bryophyta), टेरिडोफाइटा (Pteridophyta) एवं जिम्नोस्पर्म (Gymnosperm) एवं आवृतबीजी(Angiosperms) के सामान्य लक्षण वर्गीकरण, एवं आर्थिक महत्व।

Unit-II कोशिका विज्ञान एवं आणविक जैविकी
(Cell and Molecular Biology) **अंक भार–10**

1. कोशिका (Cell) : परिभाषा, खोज, कोशिका सिद्धांत, पादप एवं जन्तु कोशिका में अंतर, प्रोकैरियोटिक एवं यूकैरियोटिक कोशिकाऐं।
2. कोशिका भित्ती (Cell wall) एवं कोशिका झिल्ली (Cell membrane) : संरचना एवं कार्य
3. कोशिकीय अवयवों की संरचना एवं कार्य : माइटोकॉड्रिया (Mitochondria), लवक (Plastids), अंतः प्रद्रव्यी जालिका (Endoplasmic Reticulum), गॉल्जीकाय (Golgi Body), लाइसोसोम (Lysosome), राइबोसोम (Ribosome), तारककाय (Centrosome), सूक्ष्म नलिकाऐं (Micro tubules), पक्ष्माभिकाऐं एवं कशाभिकाऐं (Cilia and Flagella) एवं रिक्तिका Vacuole।
4. जीवद्रव्य (Proto plasm)

(अ) भौतिक एवं रासायनिक लक्षण (Physical and chemical characterstics)

